हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | ]




# परख से परखेंगे बच्चों की दक्षता, चालीस हजार छात्रों की तीन विषय पर होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की दक्षता जांचने के लिए शासन ने एक नए कार्यक्रम परख की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में कक्षा तीसरी, छठवीं और 9वीं में पढ़ने वाले बच्चों की तीन विषय को लेकर परीक्षा ली जाएगी। यह परीक्षा चार दिसंबर को होनी है। इससे पहले जिले की सभी स्कूलों में बच्चों को इसके लिए तैयार किया जाएगा।

बच्चों को परीक्षा के लिए तैयार करने से पहले ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जा रही है। बुधवार को राजनांदगांव ब्लॉक के शिक्षकों को इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के बाद कई तरह के बदलाव शिक्षण प्रणाली में देखने को मिली है। इसी में से एक हर साल दिसंबर में आयोजित होने वाली नेशनल अचीवमेंट परीक्षा है, जिसे अब परख कार्यक्रम का नाम दिया गया है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की दक्षता का आंकलन ▶▶ शेष पेज 12 पर


## जिले से भेजे जाएंगे प्रश्न

परख की तैयारी बेहतर तरीके से कराने के लिए सभी स्कूलों में हर सप्ताह एक दिन मॉडल पेपर लेने के लिए कहा गया है। इसके लिए जिला स्तर से एक प्रश्न पत्र तैयार कर सभी स्कूलों को भेजा जाएगा। बताया गया कि बच्चों को परीक्षा से पहले ओएमआर शीट का उपयोग करना भी सीखाएंगे। इस कार्यक्रम के तहत कक्षा तीसरी, छठवीं व 9वीं के बच्चों की गणित, पर्यावरण एवं भाषा के विषय में परीक्षा ली जाएगी।

**फंड नहीं, अपने खर्च पर कराएंगे परीक्षा :** परख कार्यक्रम के तहत चयनित स्कूलों में होने वाली परीक्षा के लिए एनएएस द्वारा प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट भेजी जाएगी, लेकिन इससे पहले तैयारी के तहत हर विषय की पांच दफा परीक्षा लेने के लिए सरकारी स्कूलों को कोई फंड नहीं जारी किया गया है। ऐसे में सभी स्कूलों को अपने फंड से ही ओएमआर शीट खरीदने के साथ ही प्रश्न पत्र छपवाना होगा।

## चयनित स्कूलों में ही परीक्षा

बताया गया कि परख कार्यक्रम के तहत जिले की कुछ स्कूलों का चयन परीक्षा के लिए किया जाएगा। हालांकि किन स्कूलों का चयन होना है, यह अभी तय नहीं है। ऐसे में विभाग ने सभी स्कूलों को इस परीक्षा की तैयारी करने के लिए निर्देशित किया है। यही कारण है कि सभी स्कूलों में कक्षा तीसरी, छठवीं एवं 9वीं में पढ़ने वाले बच्चों को अभ्यास कराया जाएगा।












## खबर संक्षेप



### छात्रों ने किया हथकरघा केंद्र का भ्रमण

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग के छात्र छात्राओं ने गत दिनों प्राचार्य डॉ ईवी रेवती के निर्देशन एवं गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व में चंद्रगिरी हथकरघा उद्योग प्रशिक्षण एव रोजगार केंद्र का भ्रमण किया। हथकरघा प्रशिक्षण केंद्र की नेहा जैन ने वस्त्र निर्माण सेंटर का परिचय कराते हुए भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान केंद्र के विभिन्न भागों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । भ्रमण पश्चात सपना दीदी, सुभी दीदी, नेहा जैन दीदी ने थ्योरी भी बताया। ज्योति दीदी ने आरीवर्क, जरदोगी, हस्तशिल्प सेंटर का विजिट कराया। भ्रमण में 80 विद्यार्थी शामिल हुए।

### धान की खरीदी 3217 की दर से होः विष्णु

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने किसानों का धान 3217 रूपए



प्रति क्विंटल की दर से करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल है, जिसे बीजेपी सरकार ने लागू किया है। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 2203 रुपये तय किया था, लेकिन बीजेपी सरकार ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदा था, जिससे किसानों को 897 रुपए का लाभ मिला था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने धान के समर्थन मूल्य में 117 रुपये की वृद्धि की है, जिससे वर्तमान मूल्य 2320 रुपए हो गया है जिसे देखते हुए धान की कीमत 3217 रुपए प्रति क्विंटल होना चाहिए।

### हेमलता कैंप में शामिल होने हरियाणा गई

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की



स्वयंसेविका हेमलता साहू का चयन एनआईसीकैंप हरियाणा के लिए हुआ है। कैंप में सम्मिलित होने के लिए छत्तीसगढ़ के अन्य छात्र-छात्राओं के साथ हेमलता साहू हरियाणा रवाना हुई। छात्रा को प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे, नीलम चतुर्वेदानी सहित अन्य ने बधाई दी है।

### प्रश्नोत्तरी में शिवम ग्रुप प्रथम



**जालबांधा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय जालबांधा में प्राचार्य डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी के संरक्षण एवं प्रभारी प्राचार्य संजय देवांगन के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ समान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी संकाय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के लिए तीन समूह बनाए गए। प्रतियोगिता तीन चरणों में पूरी हुई। शिवम ग्रुप ने प्रथम, सुंदरम ने द्वितीय तथा सत्यम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संचालन महेश साहू ने किया। निर्णायक भारती साहू, मासूम वर्मा एवं नेमू साहू थे।

### प्रदर्शन में शामिल हुए जिलेभर के शिक्षक

# 5 सूत्रीय मांगों पर आवाज की बुलंद शिक्षकों ने धरना के बाद सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

शिक्षक एलबी संवर्ग ने प्रांतीय कार्यकारिणी के आव्हान पर सामुदायिक भवन में धरना देने के बाद मोटर सायकल रैली निकालकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री एवं सचिवों के नाम ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के जिला संचालक श्रीहरी, शिवेंद्र यादव, जितेंद्र पटेल के नेतृत्व में आयोजित धरना प्रदर्शन में जिले के चारों ब्लॉक के शिक्षक शामिल हुए।

धरना स्थल पर पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत विभाग से शिक्षा विभाग में संविलियन होने के बाद भी उन्हे अपने अधिकार के लिए लड़ना पड़ रहा है। संविलियन से पहले के बीस साल की सेवा की गणना नहीं करने से शिक्षक एलबी संवर्ग को क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान व पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

शासकीय पद पर दस साल सेवा की बाध्यता के चलते कई शिक्षक पुरानी पेंशन के लाभ बिना ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

विभागीय नियमों की मकड़जाल के चलते कई शिक्षकों को अब तक पदोन्नति क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिल पाया है। त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण के चलते शिक्षकों को वेतन विसंगति का सामना करना पड़ रहा है।




#### शहर में किया भ्रमण

धरना पश्चात मोटर सायकल रैली निकाला गया जो छुरिया मंदिर से मोहला बाजार, फव्वारा चौक होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची। यहां पांच सूत्रीय मांग का ज्ञापन दिया गया। शिक्षकों की हड़ताल से सैकड़ो स्कूलों में दिनभर ताला लटकते रहा। स्कूलों के बंद होने से बच्चे आसपास खेलते नजर आए।

#### शिक्षकों की रही मौजूदगी

आंदोलन में बाबूलाल लाडे, राजकुमार यादव, रूपेंद्र नन्दे, भेषराम रावटे, दिवाकर बोरकर, किशोर देवांगन, जीवन नेताम, दिलीप धनकर, सत्यवान वाकडे, ललिता कन्नौजे, निर्मला कसारे, हिमेश्वरी देवांगन, सुधन सिंह कोरेटी, मनोज देशमुख, संजय देवांगन, केवल साहु, उर्मिला वाडेकर, नरेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, देवकुमार यादव, तुलसी अम्बादे, सुनील शर्मा, दुष्यंत अवस्थी सहित अन्य मौजूद थे।

#### अब ब्लाक में धरना

संचालकों ने बताया कि एक नवंबर को राज्य स्थापना के अवसर पर सभी शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाएंगे। इसी क्रम में आगामी 11 नवम्बर को ब्लॉक मुख्यालय में ज्ञापन दिया जाएगा। आगामी 12 से 24 नवम्बर के बीच मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को मांग पत्र सौंपा जाएगा।आगामी 25 नवम्बर को रायपुर के इंद्रावती से महानदी भवन तक पैदल मार्च कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे।

### मांगों को लेकर जमकर की नारेबाजी




**कल्लूबंजारी।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के धरना एवं रैली में छुरिया के ब्लाक संचालक दिनेश कुरेटी एवं कीरत गणवीर के नेतृत्व में सैंकड़ों शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान पांच सूत्रीय मांग को लेकर जमकर नारेबाजी किया गया। शिक्षकों के हड़ताल में शामिल होने से लगभग सभी शालाएं प्रभावित हुई। कई शालाओं में केवल मध्यान्ह भोजन खिलाने की औपचारिकता पूरी की गई। धरना एवं रैली में ईश्वरदास मंडावी, भानदास साहू, दुलारसिंह साहू, दिग्विजय नेताम, जगदीश साहू, योगेश्वरसिंह कुंजाम, सुरेश साहू, देवेन्द्र साहू, रीना जगनीत, तिलकराम बढ़ई, चुम्मन भुआर्य, देवानंद देवांगन, जगन्नाथ नेताम, विरेन्द्र साहू, षटवदन साहू, विष्णु साहू, प्यारे साहू, लालचंद साहू शामिल हुए।

# पढ़ाना छोड़ खेतों की खाक छान रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विकासखंड सहित जिले में धान की फसल का इन दिनों सत्यापन कराया जा रहा है। इस कार्य में कृषि विभाग के साथ अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को लगाया गया है। शिक्षा विभाग इससे अछूता नहीं बचा है।

शिक्षकों की ड्यूटी भुइया सॉफ्टवेयर में किए गए फसल धान की प्रविष्टियों में पांच प्रतिशत प्रविष्टि की रेंडम सत्यापन करने के लिए लगाई है। विकासखंड के 36 संकुल समन्वयकों की ड्यूटी इसमें गई है जो इन दिनों मूलकार्य छोड़कर खेतों में घूम रहे हैं और धान की बालियां गिन रहे हैं। शिक्षकों के अलावा सहायक विकास विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, कृषि विकास अधिकारी, सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक, नायब तहसीलदार, ग्रामीण उद्यानिकी विस्तार अधिकारी, खाद्य निरीक्षक और सहकारिता निरीक्षक की ड्यूटी भी लग चुकी है।

#### तीन स्तरों पर होगी जांच

जानकारी के अनुसार इससे पहले पटवारी प्रत्येक किसान के खेत में जाकर ऑनलाइन एप से भुइयां सॉफ्टवेयर से गिरदावरी कार्य किया है। अब उसकी जांच के लिए इन अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह जांच तीन स्तर पर होगी। पहले अधिकारी कर्मचारी शत प्रतिशत रेंडमली खेतों में जाकर सत्यापन करेंगे इसके बाद उपखंड एवं जिले के चिन्हित अधिकारियों द्वारा पांच प्रतिशत खेतों की रेंडम जांच किया जाएगा। तत्पश्चात राज्य स्तर के अधिकारी दो प्रतिशत प्रविष्टियों की जांच करेंगे।

विकासखंड में 172 लोगों की ड्यूटी लगाई गई है जिसमें 82 पंचायत सचिव, 36 संकुल समनवयक सहित अन्य शामिल हैं। सचिवों की डयूटी लगने से पंचायत में ताले लगे हैं और लोग छोटे-छोटे कार्य के लिए भटक रहे हैं।स्कूलों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

# कलेक्टर को भावभीनी विदाई

**मोहला।** जिले के पहले कलेक्टर एस जयवर्धन का सूरजपुर स्थानांतरण होने पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री



जयवर्धन के नेतृत्व, मार्गदर्शन और शिद्दत को याद कर अधिकारी कर्मचारियों की आंखें नम हुई। अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ किए गए उल्लेखनीय कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयास और सकारात्मक सहयोग से जिला अपेक्षित प्रगति कर सका है। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल ने कलेक्टर के साथ किए गए उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्हे काम करने का एक अच्छा अनुभव मिला है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर ने कहा कि आपने सभी को साथ लेकर खुशनुमा माहौल में काम करने का जो माहौल तैयार किया वह सभी अधिकारी कर्मचारियों के लिए ऊर्जा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आपने हर चुनौतियों को सहजतापूर्वक संपन्न कराया है।

# धान की कटाई जारी



**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में हरूना धान की कटाई एवं मिंजाई जोर शोर से शुरू हो गई है। पीला सोना कहे जाने धान के बेहतर उत्पादन को लेकर कृषक हर्षित है। धान कटाई एवं मिंजाई के लिए किसान हार्वेस्टर एवं थ्रेसर मशीन का उपयोग कर रहे हैं।

किसानों ने बताया कि जून माह की शुरूवात में बोआई वाले धान की कटाई शुरू है। लम्बी अवधि में पकने वाले सरना आदि धान की कटाई के लिए अभी पखवाड़े भर इंतजार करना होगा। बेहतर उत्पादन के लिए ज्यादातर किसानों ने हाईब्रीड एवं मानक बीज की बोआई किए था पर आशा अनुरूप उत्पादन कम होना बताया जा रहा है।

किसानों ने बताया कि हरूना धान पकने के अंतिम पड़ाव में माहू, मकड़ी, सोखा आदि कीट एवं बीमारी का प्रकोप ज्यादा बढ़ गया था जिससे उत्पादन कम आ रहा है। जिन खेतों में 20 से 25 क्विंटल तक उत्पादन होते रहा है वहां बीस क्विंटल के अंदर सिमट गया है जबकी औसत उत्पादन लागत अधिक है।

#### एक नवम्बर से हो खरीदी

जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष कामदेव जंघेल ने किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एक नम्बर से करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि हरूना धान की कटाई एवं मिंजाई शुरू हो गई है। माह के अंत तक 10 फीसदी से अधिक फसल किसानों के घर पहुंच जाएगी जिससे किसानों को भंडारण की समस्या से जूझना पड़ेगा।

# बैठक में परख सर्वे की तैयारी पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की तैयारी एवं शाला के बेहतर संचालन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल की अध्यक्षता एवं समग्र शिक्षा जिला समन्वयक सतीश ब्योहारे, सहायक जिला परियोजना अधिकारी अंसारी एवं मनोज मरकाम की उपस्थिति में संकुल समन्वयकों एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक ली गई। बैठक में आगामी 3 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण परीक्षा परख, एनएएस सर्वे के संबंध में जानकारी एवं निर्देश दिया गया। उन्होंने प्रतिदिन अंतिम कालखंड में इसका नियमित अभ्यास एवं प्रत्येक शनिवार को ओएमआरशीट में दिए गए डेमो प्रश्न पत्र से प्रश्न बैंक तैयार कर माक टेस्ट लेने निर्देशित किया। उन्होंने 8 वीं के बच्चों के लिए आयोजित होने वाली नेशनल मेन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप की तैयारी पर जोर दिया। सहायक परियोजना अधिकारी मनोज मरकाम ने पूर्व में हुए सर्वे से लेकर परख सर्वे से संबंधित पहलुओं पर प्रकाश डाला। समग्र शिक्षा जिला समन्वयक सतीश ब्योहारे ने बेहतर शाला संचालन एवं नियमित शाला निरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए। अंत में जिला शिक्षा अधिकारी ने दीपावली अवकाश के पश्चात परख सर्वे हेतु मिशन मोड में कार्य करने



कहा। बैठक में बीईओ वीरेंद्र कौर गरचा, विकास खंड स्रोत समन्वयक इनायत अली ने यु डाइस अंतर्गत समस्त प्रविष्टियां पूर्ण करने, वीरगाथा पंजीयन एवं पाक्सो एक्ट से संबंधित निर्देश दिए।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082







राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन ❖ विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया ❖ अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130









## खबर संक्षेप

### अग्रवाल समाज 31 को मनाएगा दिवाली

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल समाज आगामी 31 अक्टूबर को दीपावली धूमधाम से मनाएगा। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमेन प्रदीप मित्तल एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि दो तिथियां की वजह से भ्रम की स्थिति बनी हुई थी, जिसे दूर करने के लिए अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन ने अयोध्या को आधार मानते हुए दीवाली 31 अक्टूबर को मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने अग्रवाल समाज और हिंदुओं से मिलजुल कर एक तिथि को पर्व मनाने का आव्हान किया है।

### प्रदेश स्तरीय पठन महोत्सव में धानी का चयन

**खैरागढ़।** एससीआरटी और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के तत्वावधान में नई शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय पठन महोत्सव में ब्लाक के कोहकाबोड़ प्राशा की छात्रा धानी साहू का चयन हुआ। पठन महोत्सव में छात्रा धानी साहू के साथ उनके पिता माध्वलाल साहू व शाला शिखक कोमलचंद्र कोठारी को भी आमंत्रित किया गया था। राजधानी के सर्किट हाऊस में रीडिंग कैंपेन हुआ जिसमें प्रदेश के सभी जिलो के प्राथमिक शाला के बच्चों के साथ सीखने की गतिविधियां, शिक्षक समुदाय और कहानी सुनाना, पढ़ने व लिखने की गतिविधियों का प्रदर्शन, प्रतिदिन पुस्तकालय की कहानी पढ़ना, विचारों को लिखना शामिल था। सभी गतिविधियों में धानी साहू ने बेहतर प्रदर्शन किया जिसके चलते चयन पर डीईओ लाल जी द्विवेदी, सहायक संचालक रश्मि खरे, एपीसी आत्मा राम साहू, खैरागढ़ बीईओ नीलम सिंह राजपूत, छुईखदान बीईओ रमेंद्र डड़सेना, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, संकुल समन्वयक रामेश्वर वर्मा, संकुल समन्वयक तोपचन्द सहित अन्य ने बधाई दी है।

### जिपं सभापति विप्लव ने दिया न्यौता भोज




**खैरागढ़।** ब्लाक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुढ़ीपार में जिपं सभापति विप्लव साहू ने बच्चों को न्यौता भोज कराया। इस दौरान खीर पूड़ी सहित अन्य पकवान अपने हाथों से पारोसा और उनसे मनोरंजन अलावा ज्ञानवर्धक चर्चा करते हुए दिन बिताया। माध्यमिक कक्षा जिसमें बच्चे किशोर अवस्था में पहुंचते हुए जिंदगी के लिए बेहतर फाउंडेशन तैयार करते हैं ऐसे में यह आयोजन का यादगार समय बच्चों के लिए महत्वपूर्ण बना। प्रधानपाठिका आशा ठाकुर मनोबल बढ़ाते हुए बच्चों के साथ समय बिताने और भोज आयोजित करने के लिए जिपं सभापित विप्लव साहू को धन्यवाद दिया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता डॉ भोला साहू, शैक्षिक प्रगतिशील मंच के निलेश यादव और स्कूल स्टाफ के लीलाधर सिन्हा, संदीप वर्मा, सरिता पांडेय, सफाईकर्मी मुंगेश्वरी निर्मलकर, रजनी यादव और तोरण यादव ने सहयोग दिया।

### निधन

#### गेंदमल जैन

**डोंगरगढ़।** फिट सिटी जिम के संचालक गिरीश जैन के पिता गेंदमल जैन का गत 23 अक्टूबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में 24 अक्टूबर को किया गया। उनके निधन पर सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।



## पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में होगा आयोजन

# कलेक्टर ने राज्योत्सव की तैयारी के संबंध में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 5 नवंबर को स्थानीय पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरवपथ राजनांदगांव में राज्योत्सव के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित की गई है।

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि राज्योत्सव के अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाएं तथा जनसामान्य को शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें।



### अधिकारियों को सौंपा दायित्व

उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को राज्योत्सव के लिए दायित्व सौंपा। उन्होंने पेयजल की व्यवस्था, साज-सज्जा, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पंडाल, मंच संचालन, आमंत्रण कार्ड, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि, उद्यानिकी, जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास, विधिक सेवा, नगर निगम, परिवहन, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य, जनसंपर्क, लीड बैंक, समाज कल्याण, मछली पालन, आदिवासी विकास विभाग सहित अन्य विभागों को स्टॉल लगाने के लिए कहा।

### महिला समूह लगाएंगे स्टॉल

कलेक्टर अग्रवाल ने राज्योत्सव में बिहान की महिला स्वसहायता समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्टॉल लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मिलेट्स से बने खाद्य सामग्री तथा स्थानीय व्यंजन का स्टॉल अलग से होना चाहिए। रंगोली एवं साज-सज्जा के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत स्कूल के बच्चों का भी नृत्य, गीत तथा युवोदय की टीम द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम होना चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# संगीत विश्वविद्यालय छात्र को श्रेष्ठ कलाकृति के लिए मिला पुरस्कार

- छात्र गिरिश दास को श्रेष्ठ कला के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आरबीआई के 90वीं वर्षगांठ पर नई दिल्ली स्थित हेड ऑफिस में आयोजित कला प्रतियोगिता में इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के छात्र गिरिश दास को उनकी श्रेष्ठ कला के लिए सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में देश के 25 राज्यों से 71 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें श्रेष्ठ 15 कलाकृतियों को पुरस्कार के लिए चयन किया गया जिसमें छात्र गिरिश दास की कलाकृति भी शामिल थी। सभी 15 श्रेष्ठ कलाकारों को आरबीआई द्वारा एक लाख रूपए नगद राशि, प्रमाण व मोमेन्टों देकर सम्मानित किया गया। छात्र गिरिश दास ने आरबीआई और भारतीय परिप्रेक्ष्य में उसके योगदान थीम पर पेंटिंग बनाई थी। छात्र गिरिश के साथ विवि से चित्रकला विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ विकास चंद्रा को मेंटर के रूप में प्रतियोगिता में भेजा गया था जिन्हें भी आरबीआई के द्वारा प्रतीक चिंह प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि छात्र गिरिश दास दंतेवाड़ा जिले के बचेली शहर का रहने वाला है जो संगीत विवि में बीएफए पेंटिंग की पढ़ाई कर रहा हैं। गिरिश के पिता बचेली के एक निजी कंपनी में सुपरवाइजर का काम करते हैं वहीं उनकी माता गृहणी हैं। गिरिश को बचपन से ही पेंटिंग का शौक रहा है, इसी के चलते उन्होंने 12वीं में कला विषय लेकर पढ़ाई किया। स्कूल में पढ़ाई के साथ गिरिश ने दिलीप कुमार विश्वास के निर्देशन में पेंटिंग की बारिकियां सीखी जिसके बाद बेहतर शिक्षा के लिए उन्होंने विवि में प्रवेश लिया।

चित्रकला विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ विकास चंद्रा के सानिध्य में वो चित्रकला की शिक्षा ले रहे हैं।



### गिरिश को कुलपति ने दी बधाई

नई दिल्ली में इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र गिरिश दास को कुलपति सत्यनारायण राठौर ने बधाई दी है। दिल्ली से पुरस्कार प्राप्त कर वापस लौटे गिरिश दास ने अपने मेंटर डॉ विकास चंद्रा के साथ कुलपति कार्यालय पहुंचकर उनसे मुलाकात की जहां कुलपति ने छात्र को बधाई देते हुए इसी तरह विवि का नाम रोशन करने और उज्जवल भविष्य की शुभकामना साथ बधाई दी। इस दौरान कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल भी मौजूद थे।

# कम्प्यूटर आपरेटरों की हड़ताल खत्म, 37 दिन रहे आंदोलन पर



- मंत्री के आश्वासन के बाद आपरेटर शनिवार को लौटेंगे काम पर

**सड़क अतरिया।** प्रांतीय संगठन के आव्हान पर धान खरीदी केन्द्र में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर 37 दिनों तक आंदोलन पर रहे। शुक्रवार को मंत्री के आश्वासन के बाद कल शनिवार से काम पर लौटेंगे। केन्द्र के कम्प्यूटर आपरेटर संघ ने शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल से मुलाकात किया। मंत्री ने उनकी मांग को जायज बताते हुए चर्चा कर पूरा करने का आश्वासन दिया। मंत्री के आश्वासन बाद प्रांतीय संगठन ने हड़ताल स्थगित करने की घोषणा किया। 00। शनिवार को सभी आपरेटर अपना काम संभालेंगे। मंत्री ने आपरेटरों द्वारा 37 दिन तक की गई हड़ताल के दौरान समितियों द्वारा की गई कार्यवाही को शून्य मानकर कार्य अवधि मानते हुए वेतन भुगतान करने की बात कही है। जिला डाटा आपरेटर संघ के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सदस्यों ने खाद्य मंत्री श्री बघेल एवं श्री जायसवाल का आभार जताया है।

# आवास मेले में गरीबों का सपना हुआ साकार, मिली घर की चाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

स्थानीय दशहरा मैदान में जिला स्तरीय प्रधानमंत्री आवास मेला का आयोजन किया गया। आवास मेला में अनेक परिवारों को मकान की स्वीकृति एवं मकान पूर्ण होने पर चाबी भेंट कर सम्मानित किया गया।

उक्त मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि हर परिवार का अपना मकान हो। प्रधानमंत्री की यह संकल्पना आवासहीन परिवारों के लिए कारगार साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री का संकल्प पूरा किया जा रहा है। शासन द्वारा जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता दिया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने योजना अंतर्गत आवास निर्माण को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने कहा। इस अवसर पर पूर्व विधायक संजीव शाह ने भी संबोधित किया।



### 85 फीसदी आवास पूर्ण

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिले में निर्धारित लक्ष्य के 85 प्रतिशत आवास को पूरा कर लिया गया है। जिले में कुल 33844 आवास स्वीकृत किया गया है। आने वाले समय में प्राथमिकता के साथ अन्य पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा। इस अवसर पर जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, जनपद सीईओ केशवरी देवांगन, मदन साहू, खोरबाहराराम यादव सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# किसानों की मांगों को लेकर कलेक्टर से मिले जिला कांग्रेस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



- ठाकुरटोला शिविर में दिए आवेदन

विकासखंड छुईखदान के कृषक बंधुओं की फसल संबंधी विगत वर्ष 2023-24 के रबी फसल की अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से हुई क्षति की बीमा राशि दिलाने के लिए कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे और ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुईखदान के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने बताया कि वर्ष 2023-24 में विकासखंड छुईखदान के अंतर्गत कृषकों को प्राकृतिक आपदा संबंधी रापुप के अंतर्गत धारा 6-4 के अंतर्गत अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि की राशि जारी किया जा चुका है, परन्तु आज पर्यन्त तक कृषकों को क्षति की मुआवजा राशि का भुगतान नही किया गया जिससे कृषकों में असंतोष व्याप्त है।

शासन द्वारा फसल की क्षति का सर्वेक्षण कराये जाने पर स्पष्ट रूप से अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से रबी फसल को भारी क्षति हुई थी, लेकिन आज पर्यन्त तक बीमा कंपनी द्वारा क्षतिपूर्ति की राशि प्रदान नही की गई है। प्रशासन एवं बीमा कंपनी के लापरवाही के कारण कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कृषकों को प्राप्त नही हो रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे और ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुईखदान के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा से मिलकर कहा कि वर्ष 2023-24 में रबी फसल की अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से हुई क्षति का बीमा राशि बीमा कंपनी से दिलाई जाय।

# कन्या कॉलेज में सेनि पूर्व वैष्णव का सम्मान



**खैरागढ़।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रंथपाल जेके वैष्णव का सम्मान किया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रो सुरेश आडवानी, प्रो रोहित लाल देवांगन की उपस्थिति में अतिथियों के स्वागत बाद डॉ. मेधाविनी तुरे ने 34 साल पहले शहडोल से स्थानांतरित होकर आए ग्रंथपाल जेके वैष्णव के उच्च शिक्षा क्षेत्र में अकादमिक योगदान की जानकारी दी। प्रोफेसर स्टाफ ने ग्रंथपाल जेके वैष्णव का शाल, श्रीफल व उपहार भेंटकर सम्मानित किया। प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुरेश आडवानी ने कहा कि कालेज में ग्रंथालय के साथ ही छात्रसंघ प्रभारी, रेडक्रास प्रभारी, रैगिंग रोकथाम प्रभारी, क्रीड़ा प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी के रूप में जेके वैष्णव ने महत्वपूर्ण सेवा दी है। उन्होंने उनके महत्वपूर्ण कार्य व उपलब्धियों से अवगत कराया। प्रो आरएल देवांगन ने कहा कि प्रसन्नचित्त मुद्रा में इनके काम काज से स्टुडेंट्स काफी प्रसन्न रहते थे। प्रो यशपाल जंघेल ने कहा कि कालेज के सभी कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वैष्णव सर छात्र छात्राओं का स्वस्फूर्त मदद करते रहे हैं, जिसके कारण वे सदैव सम्मान पाने के हकदार रहे। शिक्षिका ज्योति साहू ने कहा कि उन्हें हंसते हुए प्रसन्न मन से काम करते देखकर उन सब को पाजीटिव एनर्जी मिलता था। इस दौरान शिक्षक स्टाफ नेहा साहू, टिकेश्वरी साहू, मैथिली पटेल, पायल सुधाकर, अजय वर्मा, दुर्वासा सिन्हा, मानिकचंद बंजारे, भूपेन्द्र साहू, प्रो.सृष्टि वर्मा, प्रो सतीश कुमार, प्रो मोनिका जत्ती, कुन्दन यादव सहित सुरेश धनगर, प्रतीक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वरिष्ठ ग्रंथपाल जेके वैष्णव ने अक्टूबर 24 में सेवानिवृत्त पूर्व कार्यक्रम आयोजन को लेकर कन्या महाविद्यालय का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम संचालन डॉ मेधाविनी तुरे व आभार प्रदर्शन ज्योति साहु ने किया।

## जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास पर कार्यशाला

# जनजातीय के लिए जल, जंगल और जमीन अहम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

डां. बीआर अंबेडकर महाविद्यालय में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि आदिवासियों के लिए जल, जंगल और जमीन काफी अहमियत रखती है। आदिवासियों का रहन सहन, अस्त्र, शस्त्र, आभुषण, संस्कृति, शिक्षा, भोजन पूर्णरूप से प्रकृति पर आधारित है। मुख्य वक्ता राजीव शर्मा ने जनजातीय समाज के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और गौरवशाली अतीत पर चर्चा किया। संगोष्ठी में स्त्रोत वक्ता सहायक प्राध्यापक डॉ. एके धमगाये ने जनजातीय समाज के सामाजिक एवं आध्यात्मिक पृष्ठभूमि पर अपने विचार रखे। सहायक प्राध्यापक प्रियांकी गजभिये ने आदिवासी विद्रोह और आंदोलनों की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नंदेश्वर श्रीवास्तव, योगेश पटेल और संदीप जैन उपस्थित थे।



### ठेठरी- खुरमी की महक

कार्यक्रम में स्नातकोत्तर विभाग के विद्यार्थी जनजातीय वेशभूषा में शामिल हुए। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष नम्रता देवांगन के मार्गनिर्देशन में छात्राओं ने मुठिया, चाकोली, चौसेला, दैहरोरी, उड़द बड़ा, ठेठरी, खुरमी, फरा, गुलगुला, सोहारी, अईरसा रोटी, बोरे बासी सहित अन्य जनजातीय व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। जनजातीय कलाकृति विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम शिवानी साहू, द्वितीय डोमेश्वरी एवं तृतीय स्थान श्वेता कुरेटी ने प्राप्त किया।इसी प्रकार जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम अरूणा खरे, द्वितीय डेमिन पुजारी, तृतीय स्थान पर अंजली साहू रही। जनजातीय संस्कृति एवं कला पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता में एनसीसी ग्रुप प्रथम, कुसुम आदि द्वितीय और मोनिका व रसायनशास्त्र समूह तृतीय स्थान पर रहा। छात्रा अरूणा ने आदिवासी संस्कृति पर प्रोजेक्टर के माध्यम से रोचक जानकारी प्रस्तुत किया। संचालन एकलव्य साहू ने किया। इस दौरान रेणुका ठाकुर, गौतम कुमार नेताम, गणेश कुमार नेताम, रामचंद्र भार्गव, चिम्मन वर्मा, कमलेश टेम्बुलकर, जॉनसन प्रसाद चौधरी, पवन देवांगन, अर्चना देवांगन, नूतन साहू, प्रशांत देवांगन आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।



## सार समाचार

### नए घर में मनेगी दीपावली



**राजनांदगांव।** दिवाली से पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का स्वप्न साकार हुआ है, उनके सर पर पक्की छत मिली है। जिससे हितग्राहियों की खुशी का ठिकाना नहीं है। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को चाबियां सौंपते हुए नए मकान के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह का धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के इस नए घर में हितग्राही दीपावली में माता लक्ष्मी के स्वागत के लिए अपने घर को सजाएंगे। क्लस्टर-बघेरा में आवास मेला एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच एवं ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में ग्राम पं. बघेरा में आवास मेला का आयोजन किया। इस आयोजन में जनपद अध्यक्ष द्वारा सभी स्वीकृति हितग्राहियों को संबोधित करते हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र, गुणवत्तापूर्वक आवास निर्माण वाले हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र, आवास की चाबी प्रदाय किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुकेश बंछोर, क्लस्टर नोडल एवं सहायक नोडल द्वारा किया गया।

- हितग्राहियों को मिली पक्की छत, जनपद अध्यक्ष प्रतीक्षा भंडारी ने सौपी चाबियां

### पच्चीस हजार वार्षिक मानदेय को लेकर तेन्दूपत्ता फड़ मुंशी संघ ने की आवाज बुलंद

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ तेंदूपत्ता लघु वन उपज सहकारी समिति फड़ मुंशी संघ के बैनर तले तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों ने कलेक्टर कार्यालय के सामने एक दिवासीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में किए गए वादे को शीघ्र पूरा करने की मांग की है। तेंदूपत्ता फड़ मुंशी संघ द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करते अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। संघ के जिला संरक्षक माकुम चंद्रवंशी और अध्यक्ष ज्ञानिकराम चौरे ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में फड़ मुंशियों को 25 हजार रुपए वार्षिक मानदेय देने का वादा किया था, लेकिन सरकार बनने के बाद अब तक उनकी यह मांग पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह कई बार ध्यान आकर्षण करते संबंधित विभाग के मंत्री और मुख्यमंत्री तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं की जा रही है। अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। फड़ मुंशियों ने कहा कि प्रदेशभर में 11 हजार तेन्दूपत्ता फड़ मुंशी हैं। अगर प्रदेश की सरकार उनकी मांग पूरी नहीं करती है तो वृहद स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### डॉ. बाफना नासिक में सम्मानित



**राजनांदगांव।** महाराष्ट्र के नासिक नगर में गत दिनों आयोजित एडोलसेंट हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सम्मेलन में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना को सम्मानित किया गया। यह विशेष अभिनंदन संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गीता पाटिल (बंगलौर) तथा आगामी अध्यक्ष डॉ. हिमबिंदु सिंग (हैदराबाद) एवं डॉ. चटर्जी (कोलकाता) ने किया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देशभर से करीब आठ सौ किशोर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. बाफना को माइंडफुलनेस इन एडोलसेंट्स विषय पर व्याख्यान हेतु विशेष आमंत्रित किया गया था। सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. अतुल कनिकर तथा भारतीय बाल स्वास्थ्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बसवराज ने बधाई देते आभार व्यक्त किया।

### हैरी बने मजदूर ट्रेड यूनियन कौंसिल के जिलाध्यक्ष



**राजनांदगांव।** समाजसेवी हैरी जोसेफ (लेबर कॉलोनी) को भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन कौंसिल की प्रादेशिक इकाई का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। कौंसिल के प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार पाण्डेय द्वारा हैरी जोसेफ की सार्वजनिक, सामाजिक और समाजसेवा के क्षेत्र में क्रियाशीलता को देखते यह नियुक्ति प्रदान की है।

### शहर में विद्युत दुर्घटना से बचाव व उपायों पर कार्यशाला का आयोजन



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव के कैलाश नगर स्थित पूर्वी जोन उपकेन्द्र में सुरक्षित ढंग से कार्य करने विद्युत कर्मियों के लिए ''सेफ्टी ड्रिल ट्रेनिंग'' कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीष सेलट के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी, सहायक अभियंता रोहित मंडावी व कनिष्ठ अभियंता नेहा गढ़पायले द्वारा तकनीकी एवं ठेका कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते कार्य करने एवं लाइन मेन्टेनेंस तथा एरियर्स रिकवरी के उपायों के विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि ज्यादातर हादसे छोटी-छोटी लापरवाही से होते हैं, इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग कर ही बिजली का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि थोड़ी से लापरवाही से जान जा सकती है, इसलिए विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन कर ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती है। कार्यशाला में अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा का मूलमंत्र है कि एक सेफ्टी जोन बनाकर कार्य करें। विद्युत लाइनों पर कार्य करने के पूर्व विधिवत परमिट लेकर सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करते एबी स्वीच को ओपन कर लाइन को डिस्चार्ज कर लें और यह भी सुनिश्चित कर लें कि किसी अन्य उपकेन्द्र से इस लाइन पर विद्युत प्रदाय तो नहीं किया जा रहा है, यदि ऐसा है तो उसे दूसरे छोर से भी नो-बैकफीड परमिट अवश्य लें तथा लाइन को बंद कराएं। मोबाइल के माध्यम से कदापि परमिट ना लें। तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों एवं उपायों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन करके ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती है। सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करें और खराब होने पर तत्काल बदलें।

पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों ने विद्युत कर्मियों से कहा कि अधिकारियों ने सुरक्षा उपकरण जैसे डिस्चार्ज राड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, टेस्टर, दस्तानों आदि के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताते कर्मचारियों द्वारा किस प्रकार इनका उपयोग करना है, इनको प्रायोगिक तौर से दिखाया गया। इस दौरान तकनीकी कर्मचारियों द्वारा भी अपने सुरक्षा संबंधित अनुभव एवं कार्य के दौरान आने वाले परेशानियों

## पृष्ठ 9 का शेष

### परख से परखेंगे...

करने के लिए देशभर में आगामी तीन दिसंबर को यह परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**गिरदावरी, चुनाव में भी ड्यूटी-** सरकारी शिक्षकों को ही जिले में जारी गिरदावरी कार्य के साथ ही मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ बनाया गया है। ऐसे में अब इन कार्य के साथ ही परख की तैयारी कराने शिक्षकों को काफी कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ेगा। शिक्षकों में इसको लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है। हालांकि प्रदेश स्तर से आदेश होने के कारण विभाग भी कुछ नहीं कर पा रहा है।

## मालवाहक वाहन के जरिये उड़ीसा से एमपी जा रहे थे आरोपी

# 65 किलो गांजा जब्त, 5 गिरफ्तार

### वाहन में गोपनीय चेम्बर बनाकर रखे थे 65.565 किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

टाटा डीआई वाहन के ट्राली के नीचे गोपनीय चेम्बर बनाकर उसमें 65.565 किलो गांजा रखकर उड़ीसा से तस्करी करते मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा था, जिसे पुलिस ने धरदबोचा। इस मामले में पुलिस ने पांच अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। जब्त गांजा की कीमत लगभग 9 लाख 83 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस को 24 अक्टूबर को सूचना मिली थी कि एक चार पहिया वाहन में अवैध रूप से गांजा उड़ीसा से तस्करी कर मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा है, जिस पर घुमका थाना एवं सायबर सेल की टीम ने घुमका क्षेत्र के मोहंदी चौक के पास नाकाबंदी की। इस दौरान मुखबीर द्वारा बताए गए चार पहिया वाहन टाटा डीआई 207 आते दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने रूकवाया। इस दौरान वाहन चालक वाहन को छोड़कर भागने का प्रयास किया, जिसे पकड़ा गया, जो अपना नाम धनराज पटेल 38 वर्ष नेवनारा थाना बेरला जिला बेमेतरा निवासी बताया। उसके साथ बैठा व्यक्ति ने अपना नाम बेदाबेरो पात्रा 32 वर्ष ग्राम सुलेसूरू थाना एम. रामपुर जिला कालाहांडी उड़ीसा का रहने वाला बताया।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी धनराज पटेल, बेदाबेरो पात्रा, अनिल सोनी, गोविंद क्षत्रीया, आकाश यादव को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



#### तस्करी की चेन ध्वस्त

उक्ताशय की जानकारी देते पत्रकारवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने जब वाहन टाटा डीआई 207 की तलाशी ली, तब वाहन के ट्राली के नीचे एक चेम्बर बनाकर छिपाकर रखे 64 नग खाकी रंग का संदिग्ध पैकेट में गांजा मिला। बरामद गांजा का वजन 65.565 किलो कीमती लगभग 9,83,000 रुपए है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे अनिल सोनी निवासी ग्राम सुलेसूरू थाना एम. रायपुर जिला कालाहांडी उड़ीसा के पास से गांजा लेकर आते थे, गोविंद उड़िया निवासी भिलाई द्वारा उड़ीसा से लेकर छत्तीसगढ़ तक पायलेटिंग करता है और गांजे की खेप को आगे आकाश यादव उर्फ गंगू यादव निवासी जबलपुर के पास छोड़ना बताए।

### अंर्तमहाविद्यालयीन हॉकी स्पर्धा उद्घाटित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के तत्वावधान में सेक्टर स्तरीय अंर्तमहाविद्यालयीन हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत आने वाली महाविद्यालय की टीमें भाग ले रही है। अंर्तराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते कहा कि वर्तमान में विश्व स्तर पर भी भारत हॉकी के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय लांजवार ने खिलाड़ियों को खेल की बारिकी को बताते कहा कि खेल में फिटनेस सबसे महत्वपूर्ण चीज होता है। क्रीडा अधिकारी अरूण चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, रतनचंद सुराना दुर्ग, साइंस कॉलेज दुर्ग, पीजी कॉलेज कवर्धा, अशोका कवर्धा, पीजी कॉलेज बेमेतरा वैशालीनगर के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी प्रो. के. हरी, परेश वर्मा, हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर, डॉ. केशव आडिल, विरेन्द्र सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, किशोर धीवर, दुर्गेश, रामू पाटिल उपस्थित थे।

## आधा दर्जन गांव में फसल खराब, मुआवजे के लिए किसानों ने लगाई कलेक्टर से अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के घुमका तहसील क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन से अधिक गांव में सैकड़ों किसानों की हजारों एकड़ खड़ी फसल कीट के प्रकोप से बर्बाद हो गई है। कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का असर भी इन फसलों पर नहीं हुआ है। जिससे किसानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। वहीं क्षतिपूर्ति राशि की मांग करने किसान आज खराब हुए धान का पौधा लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे।

घुमका क्षेत्र के ग्राम हाड़वा, टूरीपार, भटगांव सहित आधा दर्जन से अधिक गांव में कीट के प्रकोप से धान की हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो गई है। जिसके चलते किसानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसानों ने कृषि विभाग में ज्ञापन सौंपकर बताया कि धान की फसल में माहू, चूसक सहित चार प्रकार की बीमारियां लगी हुई है। जिसके चलते फसल पूरी तरह से खराब हो गई है।



#### कर्ज माफ करने की गुहार

कृषक गिरीश कुमार चंदेल ने बताया कि ग्राम हड़वा क्षेत्र में ही 1300 एकड़ की फसल चौपट हो गई है। उन्होंने कहा कि किसानों ने समिति के माध्यम से कर्ज लिया हुआ है। वहीं दवाइयों के छिड़काव के लिए भी काफी कर्ज हो गया है। अब सामने दीपावली त्यौहार है और फसल चौपट हो गई है। ऐसे में जल्द से जल्द किसानों को क्षतिपूर्ति राशि देने के साथ ही कर्ज माफ किया जाए।

#### दवाइयों की जांच और कार्रवाई की मांग

हड़वा से पहुंचे किसान डेरहाराम लोधी ने कहा कि उन्होंने अपने 7 एकड़ खेत में धान की फसल लगाई है। जिसमें कीट के शुरूआती प्रकोप के दौरान ही 40 हजार रुपए की कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया है, लेकिन इन दवाइयों का कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि घुमका क्षेत्र में संचालित सभी कृषि केन्द्रों में दवाइयों की जांच की जाए और अमानक दवाइयां मिलने पर कार्रवाई करते किसानों के नुकसान की भरपाई करवाई जाए।

### कार्यकर्ताओं में हताशा

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र दाऊ ने राजनांदगांव नगर निगम आयुक्त के क्रियाकलाप पर टिप्पणी करते कहा कि जिस प्रकार से शहर में विकास की अवधारणा ठप्प है और निगम आयुक्त ना तो जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं और ना ही वे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान कर रहे हैं, ऐसे अधिकारी का राजनांदगांव में जमे रहना समझ से परे है।

पूर्व उपाध्यक्ष सुरेन्द्र ने कहा कि सत्ताधारी दल भाजपा पार्षद गगन आइच के साथ हाथापाई की जो वारदात हुई थी और कार्रवाई के लिए राजनांदगांव के दो पूर्व सांसदों को बसंतपुर थाना में घंटों तक संघर्ष करना पड़ा था और उसके बाद भी कार्रवाई शून्य रही। वही अब सत्ता आने के बाद कार्यकर्ता उस निगम आयुक्त के हटने की बाट जोह रहे हैं, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं होने से कार्यकर्ताओं में हताशा और निराशा घर कर गई है।

### शराब तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब तस्करी के मामले में फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत 16 अगस्त को एक वाहन में रात्रि में अवैध शराब तस्करी किए जाने की मुखबीर सूचना पर उक्त वाहन को थाना छुरिया स्टाफ द्वारा रूकवाने का प्रयास किया गया, जो उक्त वाहन चालक वाहन को तेज गति से भगा ले जाकर भोलापुर के पास अनियंत्रित कर खेत में घुसा दिया था तथा चालक आरोपी फरार हो गया था। कार की तलाशी लेने पर उसमें से महाराष्ट्र निर्मित संतरा शराब कीमती 16800 रुपए एवं टाटा इंडिगो कार को जब्त किया गया था। थाना छुरिया में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) पंजीबद्ध कर अज्ञात फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही थी।

पुलिस के अनुसार तकनीकी साक्ष्य के आधार पर संदेही धर्मेंद्र सुलाखे उम्र 32 साल निवासी सावल थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) से पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर आरोपी को 25 अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष भुआर्य, सउनि सत्तूलाल कवर, आरक्षक देवीलाल साहू, फुलेंद्र राजपूत एवं अन्य थाना स्टाफ छुरिया का योगदान सराहनीय रहा।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल: 9827143060/8871003060

## मजदूरों के संघर्ष से मिली सफलता

- 36 घंटे काम बंद रखने के बाद रात्रि में पहली शिफ्ट शुरू
- बोनस की कि थी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्रेस्ट स्टील एंड पावर प्रा.लि. जोरातराई के मजदूरों ने 23 अक्टूबर को सुबह 10 बजे अपने बकाया वेतन को लेकर 300 श्रमिकों ने काम बंद कर कंपनी में ही धरना दिए। सेकंड व नाईट पाली के 250 मजदूरों ने कंपनी के बाहर धरना दिया।

दूसरे दिन 24 अक्टूबर को 6 घंटे तक हुई चर्चा में नायब तहसीलदार गंगाधर राव व नायब तहसीलदार डॉ. सुरेखा वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक विरेन्द्र, श्रम पदाधिकारी संजय सिंग व श्रम निरीक्षक रत्नाकर मांटे तथा कंपनी के प्रबंधक व महाप्रबंधक व छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े सहित स्थानीय 12 श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

चर्चा में प्रत्येक श्रमिकों को बकाया वेतन 15-15 हजार रुपए तीन किस्तों में 500 श्रमिकों को भुगतान करने हुई सहमति के पश्चात 36 घंटे काम बंद के पश्चात रात्रि पाली रात 10 बजे काम प्रारंभ हो सका। पहली किस्त दीपावली के पूर्व तथा दूसरी किस्त नवंबर में वेतन के साथ 5 हजार तथा दिसंबर में वेतन के साथ 5 हजार भुगतान पर सहमति हुई। त्यागी ठेका वाले 97 श्रमिकों की सूची प्रबंधक द्वारा पूर्व में प्रस्तुत की गई, उन्हें सूची में उल्लेखित उपादान व बोनस की राशि भुगतान की जाएगी तथा छंटनी मुआवजा, नोटिस पगार व छुट्टी वेतन के लिए दीपावली के पश्चात बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

कंपनी के सामने हुई सभा को कामरेड़ बागड़े के अलावा एजी कुरैशी, तुलसी देवदास, पूनाराम साहू, शिशुपाल साहू, ओखलेश साहू, भोजराम साहू, डोमार साहू, डेहराराम साहू आदि ने संबोधित किया। रात 11 बजे धरना समाप्त करते कामरेड़ बागड़े ने उक्त समझौते के लिए जिला प्रशासन तथा पुलिस व श्रम विभाग के अधिकारियों को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा ]




# परख से परखेंगे बच्चों की दक्षता, चालीस हजार छात्रों की तीन विषय पर होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की दक्षता जांचने के लिए शासन ने एक नए कार्यक्रम परख की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में कक्षा तीसरी, छठवीं और 9वीं में पढ़ने वाले बच्चों की तीन विषय को लेकर परीक्षा ली जाएगी। यह परीक्षा चार दिसंबर को होनी है। इससे पहले जिले की सभी स्कूलों में बच्चों को इसके लिए तैयार किया जाएगा।

बच्चों को परीक्षा के लिए तैयार करने से पहले ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जा रही है। बुधवार को राजनांदगांव ब्लॉक के शिक्षकों को इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के बाद कई तरह के बदलाव शिक्षण प्रणाली में देखने को मिली है। इसी में से एक हर साल दिसंबर में आयोजित होने वाली नेशनल अचीवमेंट परीक्षा है, जिसे अब परख कार्यक्रम का नाम दिया गया है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की दक्षता का आंकलन ▶▶ शेष पेज 12 पर


## जिले से भेजे जाएंगे प्रश्न

परख की तैयारी बेहतर तरीके से कराने के लिए सभी स्कूलों में हर सप्ताह एक दिन मॉडल पेपर लेने के लिए कहा गया है। इसके लिए जिला स्तर से एक प्रश्न पत्र तैयार कर सभी स्कूलों को भेजा जाएगा। बताया गया कि बच्चों को परीक्षा से पहले ओएमआर शीट का उपयोग करना भी सीखाएंगे। इस कार्यक्रम के तहत कक्षा तीसरी, छठवीं व 9वीं के बच्चों की गणित, पर्यावरण एवं भाषा के विषय में परीक्षा ली जाएगी।

**फंड नहीं, अपने खर्च पर कराएंगे परीक्षा :** परख कार्यक्रम के तहत चयनित स्कूलों में होने वाली परीक्षा के लिए एनएएस द्वारा प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट भेजी जाएगी, लेकिन इससे पहले तैयारी के तहत हर विषय की पांच दफा परीक्षा लेने के लिए सरकारी स्कूलों को कोई फंड नहीं जारी किया गया है। ऐसे में सभी स्कूलों को अपने फंड से ही ओएमआर शीट खरीदने के साथ ही प्रश्न पत्र छपवाना होगा।

## चयनित स्कूलों में ही परीक्षा

बताया गया कि परख कार्यक्रम के तहत जिले की कुछ स्कूलों का चयन परीक्षा के लिए किया जाएगा। हालांकि किन स्कूलों का चयन होना है, यह अभी तय नहीं है। ऐसे में विभाग ने सभी स्कूलों को इस परीक्षा की तैयारी करने के लिए निर्देशित किया है। यही कारण है कि सभी स्कूलों में कक्षा तीसरी, छठवीं एवं 9वीं में पढ़ने वाले बच्चों को अभ्यास कराया जाएगा।









## खबर संक्षेप

### धान की कटाई हार्वेस्टर मशीन से करने से मवेशी को मिल रहा भरपेट चारा



**बरबसपुर।** जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों तक इस समय किसानों के खेतों में धान की फसल परिपक्व होकर खेत में तैयार हो चुके हैं जिनकी कटाई किसानों ने हार्वेस्टर मशीन से करवाया जा रहा है ताकि बहुत जल्द फसल को एकत्रित कर सके जनकारी के अनुसार धान की कटाई हार्वेस्टर मशीन से करने पर किसानों को राहत मिल रही है वहीं दूसरे तरफ धान की कटाई मजदूरों द्वारा भी करा रहे हैं। इस तरह से जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों तक धान की कटाई हो रहे हैं ताकि बहुत ज्यादा धान की फसल एकत्रित कर अपनी-अपनी धान खरीदी केंद्र में समय पर बेच सके जिसकी तैयारी किसानों ने शुरू कर दी गई है और वही हार्वेस्टर मशीन से धान की कटाई के चलते मवेशियों को भरपेट खेतो मे चारा भी मिल रहे हैं।

### बैगा आदिवासी समुदाय और प्रशासन के बीच आत्मीय संबंध की मिसाल देखने को मिली

# कलेक्टर ने बैगा आदिवासियों के साथ जमीन में बैठकर किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम पटपरी में बैगा आदिवासी समुदाय और प्रशासन के बीच आत्मीय संबंध की मिसाल देखने को मिला। जिले के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के बीच पहुंचकर एक आदिवासी परिवार नंद लाल बैगा के घर उनके साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया। इस अनोखे अवसर पर कलेक्टर ने नंदलाल बैगा के घर में पहुंचकर न केवल उनके साथ भोजन का आनंद लिया, बल्कि उनके जीवन और सांस्कृतिक धरोहर से भी रुबरू हुए। कलेक्टर ने बैगा समुदाय के सांस्कृतिक जीवन और उनकी परंपराओं को करीब से देखा।

यह पहल प्रशासन और आदिवासी समुदाय के बीच आपसी विश्वास और संबंध को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन ने बैगा परिवार के साथ बैठकर भोजन किया। वही कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैगा आदिवासियों के साथ भोजन करते हुए कहा कि आपके साथ बैठकर भोजन करना मेरे लिए गर्व और प्रसन्नता की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन आपके विकास और कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। शासन की मंशा है कि आप सभी शासकीय योजनाओं का लाभ उठाएं और अपनी जीवनशैली में सुधार करें।

उन्होंने यह भी कहा कि आपके बीच आकर आपकी समस्याओं को नजदीक से समझ रहे हैं और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे है। आपका सहयोग और समर्थन हमारे लिए महत्वपूर्ण है, और प्रशासन क्षेत्र विकास के लिए पूरी तरह से कार्य कर रही हैं।

इस दौरान कलेक्टर ने आदिवासी संस्कृति और खानपान की प्रशंसा करते हुए, उनके आत्मनिर्भर जीवन को सराहा और भविष्य में प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

#### आदिवासी समुदाय की स्थिति समझने के लिए महत्वपूर्ण पहल हैः कलेक्टर



कलेक्टर ने कहा इसका उद्देश्य पिछड़े और विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के लोगों के साथ सामाजिक एकता और जुड़ाव बढ़ाना है। प्रशासन और आदिवासी समुदाय के बीच संवाद और सहयोग को मजबूत करने के साथ ही आदिवासी समाज की वास्तविक समस्याओं को समझने और समाधान की दिशा में ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि बैगा समुदाय छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण और विशेष पिछड़ी जनजातियों में से एक है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आदिवासी समुदाय की स्थिति समझने के लिए महत्वपूर्ण पहल है। कलेक्टर श्री वर्मा की यह पहल सरकार की योजनाओं और नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू करने में मदद करेगी, जिससे बैगा आदिवासी समुदाय का विकास और सशक्तिकरण संभव होगा।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी में रक्तदान शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी में स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे डॉ विनोद चंद्रवंशी बीएमओ, डॉएके शर्मा (पैथोलाजिस्ट) एलके सोनी बीईटीओ पीएचसी प्रभारी श्रीमती दीप्ति दुबे, गरिमा दानी, शिवगोपाल सिंह परिहार ,सेंटर सुपरवाइजर केपी चंद्रवंशी, नारदा चौरेल एलएच सहित उपस्थित थे। इस अवसर पर दीप्ति दुबे आरएमए, दुर्गेश सिंह गौतम, संतोष भास्कर, द्वारिका साहू, जितेंद्र मेरावी आरएचओ, पुनीत निषाद, शिवनारायण गुप्ता, भुनेश्वर कौशिक, हुलेश कौशिक, मानेश्वर तिवारी, सतीश कौशिक, उगेश नेताम, पुस्पानंद कौशिक, पूर्णेंद्र कौशिक, कार्तिक कौशिक के द्वारा रक्त दान किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला रक्त बैंक के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ विनोद चन्द्रवंशी खण्ड चिकित्सा अधिकारी कवर्धा ने रक्तदान का महत्व समझाते हुए बताया कि रक्तदान एक महान कार्य है, जो किसी की जान बचा सकता है। हर कुछ सेकंड में किसी न किसी को खून की जरूरत होती है, चाहे वो सर्जरी हो, दुर्घटना हो या गंभीर बीमारी। हमारे शरीर में रक्त की मात्रा पर्याप्त होती है, और एक स्वस्थ व्यक्ति आसानी से रक्तदान कर सकता है। रक्तदान से जीवन बचाया जा सकता है, समाज के प्रति उत्तरदायित्व, यह समाज की भलाई के लिए किया गया एक महत्वपूर्ण योगदान है। स्वास्थ्य के लिए लाभदायक, रक्तदान करने से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है, जिससे आपका रक्त संचार तंत्र बेहतर होता है। सामाजिक समर्थन रक्तदान से आप उन लोगों की मदद कर सकते हैं जिनका आपके साथ कोई व्यक्तिगत रिश्ता नहीं है, यह सच्ची मानवता की पहचान है। यह मानवता का संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

## इवनिंग मेलोडी की प्रस्तुति पर झूम उठे लोग, रमेश ने स्वदेशी मेला में दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वदेशी मेला में इवनिंग मेलोडी ग्रुप ने अपनी सुमधुर गीतों की प्रस्तुति से शानदार आगाज किया। रमेश रावत, सुरेश झारिया, बलवीर सिंह एवं पवन ठाकुर निर्मित नवोदित ग्रुप द्वारा नये एवं पुराने गीतों की मनभावन प्रस्तुति ने देर रात संगीत प्रेमियों के बीच शमा बांधे रखा। ग्रुप के फाउंडर रमेश रावत एवं श्रुति ठाकुर ने कुमार सानु व साधना सरगम द्वारा 90 के दशक के सुपरहिट गीत जब कोई बात बिगड़ जाए, जब कोई मुश्किल पड़ जाए गाने को बेहतरीन अंदाज में पेश कर श्रोताओं का मन मोह लिया। पहला स्टेज परफॉर्म कर रही कॉलेज स्टुडेंट सुरीली किरण नारवानी ने मेरे ख्वाबों में जो आए




गीत को नए अंदाज में प्रस्तुत कर युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। अभिजीत व अलका याग्निक की आवाज में मेलोडी बलवीर सिंह एवं सुरीली सिंगर श्रुति ठाकुर के साथ वादा रहा सनम, होंगे जुदा न हम युगल गीत की जुगलबंदी से दर्शक झूम उठे। मेलोडी सुरेश झारिया द्वारा रफी साहब के तुझको पुकारे मेरा प्यार जैसे दर्द भरे नगमे की प्रस्तुति ने श्रोताओं का दिल छू लिया। मेलोडी बलवीर सिंह की बड़ी मुश्किल है, खोया मेरा दिल है की सोलो प्रस्तुति ने श्रोताओं का मूड बना दिया। सुरीली किरण नारवानी के साथ फिल्म बाजीगर के गीत की प्रस्तुति में मेलोडी रमेश रावत ने शानदार युगल कर श्रोता जनों को खूब आनंदित किया। आयोजकों की फरमाइश पर अंतिम प्रस्तुति मोर मया संगवारी रे छत्तीसगढ़ी गीत सुरीली किरण नारवानी द्वारा दी गई। स्वरमाला इवनिंग मेलोडी ग्रुप को शानदार कार्यकम के लिए आयोजकों द्वारा मोमेंटो व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

## कलेक्टर ने दूरस्थ ग्रामों में विकास कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने पंडरिया विकासखंड के दूरस्थ ग्राम कुई, कुकदूर, बीरकोना सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और वहां चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और अधिकारियों को समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारी क्षेत्र का नियमित निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि सभी परियोजनाएं समय पर पूरी हों। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर आर बी देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने ग्राम कुई के बाजार क्षेत्र में बन रहे व्यावसायिक परिसर और दुकानों का निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता की समीक्षा की और संबंधित इंजीनियरों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से किए जाएं। इसके साथ ही बाजार क्षेत्र में चबूतरा निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों के बैठने और व्यापारियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

#### ग्राम कुकदूर में मिनी स्टेडियम के विकास करने के दिए निर्देश

ग्राम कुकदूर में कलेक्टर श्री वर्मा ने मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने खेल मैदान की सतह को समतल करने और व्यवस्थित रूप से क्रिकेट के लिए तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, स्टेडियम के चारों ओर रनिंग ट्रैक बनाने के लिए भी कहा, जिससे स्थानीय युवाओं को खेल-कूद के लिए प्रेरणा मिले और वे अपने खेल कौशल को निखार सकें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम बीरकोना में सोलर पावर प्लांट के माध्यम से संचालित पथ प्रकाश संस्त्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से इस परियोजना की कार्यप्रणाली, लाभ और रखरखाव के बारे में जानकारी प्राप्त की, ताकि सौर ऊर्जा का सही तरीके से उपयोग हो सके और स्थानीय निवासियों को स्वच्छ ऊर्जा के लाभ मिल सकें। उन्होंने अधिकारियों को योजना का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

## अंधियारखोर में श्री रुद्र महायज्ञ एवं अष्ट दिवसीय श्री रामकथा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम अंधियारखोर में कार्तिक के माह मे श्री रुद्र महायज्ञ एवं अष्ट दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया गया है प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समस्त ग्रामवासी के सहयोग से यह आयोजन होते आ रहे हैं रुद्र महायज्ञ का कार्य का प्रारंभ 20 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आयोजन होने जा रहा है जिसमें यज्ञाचार्य पंडित चंद्रभूषण शर्मा पौराणिक पंडरिया किसुनगढ़ रुद्र महायज्ञ का मुख्य यजमान श्रीमती लीना प्रदीप गोस्वामी श्रीमती मधु संजीत पुरी गोस्वामी वहीं ग्रामाचार्य पंडित नीरज शर्मा वेद आचार्य पंडरिया किसुनगढ़ जिसमें प्रवचन करता संत राजेंद्र पाठक कथा व्यास निर्मल कुमार शुक्ला श्री रुद्र महायज्ञ एवं अष्टदिवसी श्री राम कथा का कार्यक्रम प्रतिदिन प्रात 8:00 बजे से 2:00 बजे तक यज्ञ पूजन एवं प्रवचन दोपहर 2:30 से शाम 5:00 बजे तक या आयोजन हो रहा है एवं रात्रि रामलीला का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण जन पहुंचकर यज्ञ में अपने जीवन का भाग्य बना रहे हैं समस्त ग्रामवासी अंधियारखोर।

## पूर्व प्राचार्य एवं स्थानांतरित शिक्षकों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव के द्वारा विद्यालय के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार साहू, विनोद साहू बैंकिंग व्यावसायिक शिक्षक को धमतरी स्थानांतरण, राजा राम हलवाई का सहायक ग्रेड 2 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुड़ा एवं मुकेश धुर्वे सहायक ग्रेड 2 पर शासकीय हाईस्कूल गोरखपुर पदोन्नति होने पर सम्मान स्वरूप विदाई समारोह का आयोजन होटल फूड स्टेशन में किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सेवानिवृत्ति एवं स्थानांतरित शिक्षकों को स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल से विद्यालय परिवार के प्राचार्य सुजीत गुप्ता के द्वारा सम्मानित किया गया । सेवा नृत्य पूर्व प्राचार्य अशोक साहू ने अपने कार्यकाल को याद करते हुए अपने सेवा काल का उत्कृष्ट कार्यकाल बताया एवं जब भी आवश्यकता पड़े तब अपने आप को विद्यालय के लिए समर्पित भाव से सेवा देने के लिए बात रखी। विनोद साहू व्यावसायिक शिक्षक ने अपने पूर्व आठ वर्षों का वर्णन करते हुए साथ में बिता हुए पलों को याद किया। राजा राम हलवाई सहायक ग्रेड 2 ने राजा नवागांव में जब भी अवसर मिले सेवा प्रदान करने के लिए अपनी इच्छा व्यक्त किया। मुकेश धुर्वे अपनी प्रथम नियुक्ति काल से विद्यालय में बिताए गए सुनहरे दिनों का वर्णन किया। विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान भोज के उपरांत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने विचार रखते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समूह चित्र के साथ विदाई दी ।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता विधि राम चंद्रवंशी ने किया ।







### पंचायती राज में एक-एक वोट का होता है बहुत महत्व

# पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

ग्राम वासियों युवाओं किसान मजदूर बुजुर्ग लोगों सन 2024 25 में पंचायती राज की चुनाव की सिलसिला जारी हो चुका है अब बहुत जल्द दो-तीन माह के बाद पंचायती राज के तीनों सदन ग्राम पंचायत जनपद पंचायत और जिला पंचायत की चुनाव आने वाले है जानकारी के अनुसार पंचायती राज के चुनाव में जो व्यक्ति 18 वर्ष पार कर चुके हैं और उसका नाम मतदाता सूची में अंकित है वही व्यक्ति मतदान देने का अधिकार रखते हैं और वही अपनी मतदान का उपयोग पंचायती राज के तीनों सदन के लिए ग्राम पंचायत जनपद पंचायत और जिला पंचायत के लिए उपयोग कर ग्रेट मैन लिडर चुनते है,

पंचायती राज में एक वोट का विशेष महत्व होता है और एक वोट से हार जीत होता है इसलिए मतदाताओं ने अपनी प्रत्याशी बनाने के लिए अपनी समाज को अपनी धर्म को व अपनी समिति और सहपरिवार की वोट व मत को एक साथ सामूहिक रूप से इकट्ठे कर व बेचकर मतदान नहीं करना चाहिए मतदाताओं को अपनी मन व मत को नहीं बेचना चाहिए बल्कि स्वच्छ और मतदान करना चाहिए ताकि गांव का विकास और परिवर्तन आ सके मतदाताओं ने अपनी ईमानदार प्रत्याशी चुने स्वच्छ प्रत्याशी चुने मिलनसार प्रत्याशी चुने सत्य निष्ठा प्रत्याशी चुने जो आपके गांव समाज और धर्म तथा शिक्षा सेहत सड़क स्वच्छता बिजली पानी बुनियादी समस्या को हल कर सके ऐसे प्रत्याशी चुने ताकि आपका गांव का विकास होता रहे और अपनी मतदान को कभी बेचने का कोशिश ना करें स्वच्छ मतदान करें और लोकतंत्र को शक्तिशाली और पंचायती राज को मजबूत बनाए ताकि गांव का विकास परिवर्तन का सिलसिला निरंतर चलता रहे।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## कुकदुर पुलिस ने की गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# फिर दबोचे गए दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर, 245.105 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिला पुलिस प्रशासन को नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कामयाबी मिली है। इसी कड़ी में कुकदुर पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी करने वाले दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 245.105 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है जिसका बाजार मूल्य लगभग 61,27,625 रुपए आंका गया है।

गिरफ्त में आए दोनो गांजा तस्करों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है वहीं तस्करी में प्रयुक्त एक वाहन को भी जप्त किया है। प्राप्त जानकारी कें अनुसार गत 24 अक्टूबर को कुकदुर पुलिस को अपने मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक एक टाटा 1109 वाहन में गांजा की बड़ी खेप लेकर कुकदुर थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग से होते हुए मध्यप्रदेश की ओर जा रहे हैं।

इस सूचना के बाद तत्काल हरकत में आई कुकदुर पुलिस ने इसकी जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी और उनके दिशा निर्देश पर एक टीम गठित कर मुखबिर से मिली जानकारी के अनुसार पंडरिया-बजाग मार्ग में बैरिकेटिंग कर वाहनो की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस ने मार्ग से गुजर रहे टाटा 1109 वाहन को दबोच लिया और वाहन सवार बबलू सिंह आयु 35 वर्ष निवासी उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर तथा शिवकुमार आयु 28 वर्ष निवासी रायबरेली को दबोच लिया।

वहीं पुलिस टाटा 1109 वाहन की तलाश के दौरान बोरों में छिपाकर रखा गया 245.105 किलो ग्राम गांजा जप्त कर लिया। जिसका बाजार मूल्य लगभग 61,27,625 रुपए आंका गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त टाटा 1109 वाहन, दो एन्ड्रायड मोबाइल फोन और 1,020 रुपए नकदी सहित कुल मिलाकर 71,48,645 रुपए का सामान जप्त किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया है।

इस कारवाई के लिए पुलिस अधीक्षक ने थाना कुकदुर की पुलिस टीम को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।




**लगातार की जा रही गांजा तस्करी**

यहीं बताना लाजिमी होगा कि जिले से होकर तस्करों द्वारा लगातार गांजा तस्करी की जा रही है। जिनके खिलाफ जिले की पुलिस कार्यवाही भी कर रही है। इसी कड़ी में अभी 20 अक्टूबर को भी थाना बोड़ला पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कुछ इसी तरह से अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 54 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया था, जो इस अभियान की निरंतरता को दर्शाता है।



## कलेक्टर ने कुकदूर के खेतों में पहुंचकर गिरदावरी कार्य का किया ऐप से सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

पंडरिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कुकदूर के खेतों का दौरा कर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने पटवारियों द्वारा किए गए गिरदावरी कार्य का मोबाइल ऐप के माध्यम से सत्यापन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने ग्राम कुकदूर पटवारी हल्का नंबर 7 के खसरा नंबर 174/1 रकबा 0.935 भूमि स्वामी सुमन बाई और खसरा नंबर 174/2 रकबा 0.935 भूमि स्वामी पतिराम के खेतों का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने बोई गई फसल का मुआयना किया। निरीक्षण में पाया गया कि पटवारी द्वारा भूईयां सॉफ्टवेयर में फसल धान की प्रविष्टियां सही तरीके से दर्ज की गई हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। राज्य सरकार द्वारा भूईयां साफ्टवेयर में किये गये फसल धान की प्रविष्टियों में से 5 प्रतिशत प्रविष्टि की रैंडम सत्यापन के लिए मोबाईल ऐप तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से तीन स्तर पर फसल प्रविष्टि की रैंडम सत्यापन किया जाना है। प्रथम चरण में ऐप के माध्यम से चिन्हांकित खसरों का सत्यापन कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित राजस्व एवं कृषि विभाग के फील्ड अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। सत्यापन में प्रविष्टि गलत पाये जाने पर उस प्रविष्टि को सुधारा जाएगा। प्रथम स्तर पर सत्यापित प्रविष्टियों में से 5 प्रतिशत प्रविष्टियां जो कि ऐप द्वारा चिन्हांकित किये जाएंगे, की जांच कलेक्टर एवं उसके द्वारा चिन्हांकित उपखण्ड एवं जिला के अधिकारी के द्वारा किया जाएगा। जिला स्तर पर सत्यापित प्रविष्टियों में से 2 प्रतिशत प्रविष्टि की जांच राज्य स्तर के अधिकरी द्वारा की जाएगी। इस प्रक्रिया के माध्यम से फसल प्रविष्टियों की शुद्धता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे कृषकों को सही लाभ मिल सके और कृषि संबंधी डेटा में किसी भी प्रकार की त्रुटि को रोका जा सके।

**खबर संक्षेप**

### सुरेश होंगे स. लोहारा के नए प्रभारी सीईओ

**स.लोहारा।** प्रशासनिक व्यवस्था के तहत जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी राधेश्याम नायक का जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा से मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर जनपद पंचायत सारंगढ़ जिला बिलाईगढ़ तबादला कर दिया गया है। उनके स्थान पर सुरेश कुमार कंवर सहा परियोजना अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार को शासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया।

### कृत्रिम अंग एवं उपकरण के लिए शिविर आयोजन

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए 09 नवंबर को पीजी कॉलेज डोम (इनडोर स्टेडियम) सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक चिन्हांकन, मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा ने बताया कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को भारत सरकार का एक उपक्रम है, जिसका रिपेयरिंग ब्रांच रायपुर के माध्यम से दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, मुल्यांकन करते हुए पात्रतानुसार चिन्हांकित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण का वितरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह एक अच्छा अवसर होगा जब जिले के समस्त दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए जा सकेंगे।

## नशे में धुत्त पंडरिया एसडीएम के वाहन चालक ने मोटर साइकिल चालक को मारी टक्कर, ग्रामीण गंभीर




■ घायल ग्रामीण युवक का एक पैर कटा, कवर्धा से प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर किया गया रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिले के पोड़ी पुलिस चौंकी क्षेत्र के ग्राम मानिकपुर में बीते गुरूवार-शुक्रवार की देरशाम एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जहां पंडरिया एसडीएम की सरकारी गाड़ी के चालक ने तेज रफतार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक मोटर सायकल चालक को जबरदस्त ठोकर मार दी। जिससे मोटर सायकल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अब अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं ग्रामीणों की मुस्तैदी के चलते पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को दबोच लिया है और उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार-शुक्रवार की देरशाम पंडरिया एसडीएम के सरकारी वाहन क्रमांक सीजी 02-7320 को लेकर उनका चालक अकेले कहीं जा रहा था। बताया जाता है कि वाहन चालक नशे में धुत्त था और बेहद तेजरफ्तार में लापरवाही पूर्व वाहन चला रहा था। इसी दौरान उसने पोंडी पुलिस चौंकी क्षेत्र के ग्राम मानिकपुर के पास मार्ग से गुजर रहे मोटर सायकल चालक संतोष चन्द्रवंशी को जोरदार ठोकर मार दी। तेजरफ्तार वाहन की ठोकर से मोटर सायकल चालक का एक पैर कटकर अलग हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और उन्होने आरोपी वाहन चालक को दबोच लिया। उसके बाद घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया वहीं आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश भी देखने को मिला। उन्होने मौके पर एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की और आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### आखिर बगैर एसडीएम के सरकारी वाहन को लेकर कहां जा रहा था चालक?

इस घटना के सामने आने के बाद बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर पंडरिया एसडीएम की सरकारी गाड़ी का चालक बगैर एसडीएम के रात के समय वाहन को लेकर कहां जा रहा था। वहीं मामला और ज्यादा गंभीर तब हो जाता है जब पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर से इस संबंध में पूछे जाने पर वह इस बात से अनजान नजर आते हैं कि उनके सरकारी वाहन को लेकर उनका चालक कहां जा रहा था। एक जिम्मेदार पद में बैठे अधिकारी की इस गैरजिम्मेदारी को लेकर भी बड़े सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

**तैयारी...**



**कवर्धा।** धनतेरस व दीपावली में पूजन के लिए कुम्हार तथा मूर्तिकार कर रहे मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का निर्माण।

### ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पंजीयन की तिथि में की गई वृद्धि

**कवर्धा।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इंद्रावती भवन अटल नगर रायपुर के पत्रानुसार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के लिए ऑनलाईन पंजीयन की तिथि में वृद्धि की गई है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत जिले के महाविद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाईट पर ऑनलाईन प्रारंभ की गई है। आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन, प्रस्ताव, स्वीकृति वर्ष 2024-25 के लिए तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन के लिए (नवीन, नवीनीकरण) 01 नवंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक, ड्राप्ट प्रपोजल लॉक करने के लिए 01 नवंबर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक और सेक्शन ऑडर लॉक करने की के लिए 01 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन के लिए पोर्टल बंद कर दिया जाएगा एवं ड्राप्ट प्रपोजल लॉक अथवा सेक्शन ऑडर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किए जाने का निर्देश प्राप्त है। प्राप्त निर्देशानुसार उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नही करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के पात्रता रखने वाले विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित होने की स्थिति में संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

## कोदवागोडान में 11 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोदवागोड़ान

स्वामी विवेकानंद युवा क्रिकेट क्लब कोदवा गोडान के तत्वावधान में 11 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसका शुभारंभ 25 अक्तूबर को एक सादे समारोह में किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह ठाकुर से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय मंडी प्रांगण में आयोजित मेगा क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अंचल के अलावा बड़ी संख्या में दूर दराज की ग्रामीण क्रिकेट टीमों के आने की संभावना है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 1100 सौ रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। इस प्रतियोगिता में विजेता टीमों के लिए क्रमशः प्रथम पुरस्कार 20 हजार एवम कप स्व फागुराम धुर्वे की स्मृति मे पुत्र सरोज धुर्वे द्वारा,द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रुपए एवं कप, श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे जनपद सदस्य की ओर से तथा तृतीय पुरस्कार के तहत सात हजार नगद व कप स्व रामप्रसाद धुर्वे की स्मृति में सुखदेव धुर्वे के सौजन्य से दिए जाएंगे। इसके अलावा बेहतरीन प्रदर्शन के लिए भी कई आकर्षक पुरस्कार स्थानीय सहयोगी खेल प्रेमियों की ओर से दिए जाएंगे। कोदवा गोडान में प्रथम बार आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को अवसर देने के अलावा युवा वर्ग में आपसी सौहार्द्र एवं आपसी संबंधों को बढ़ावा देना है।



### स.लोहारा महाविद्यालय के 18 छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान



**स लोहारा।** स. लोहारा में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स.लोहारा, रेडक्रॉस सोसाइटी एवं ब्लड बैंक कवर्धा के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स. लोहारा के शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय के 18 विद्यार्थियों ने रक्तदान महादान के वाक्य से प्रेरित होकर रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में जिला अस्पताल कवर्धा से डॉ. एसके शर्मा पैथोलॉजिस्ट जिला अस्पताल कवर्धा एवं टीम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा से डॉ. संजय खरसन बीएमओ, संगीता भगत बीपीएम, सुरेश राजपूत एवं टीम, रेडक्रॉस सोसाइटी से बालाराम साहू, महाविद्यालय परिवार से सुश्री अंजू महोबिया, डॉ.ज्योति चंद्रवंशी, श्रीमती मोना बर्मन, सुश्री काजल साहू, दीपक पटेल, रुपेश वर्मा, संदीप सोनकर, शत्रुघ्न राजपूत, गिरीश साहू, लक्ष्मीकांत वर्मा, तुलेश्वर वर्मा, विवेक चौहान, गौरव जायसवाल, गिरधारी वर्मा एवं सभी छात्र छात्राओं ने अपना सहयोग दिया।

### मिठाइयों की जांच के लिए विभाग ने कई दुकानों से लिया सेंपल

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने मिठाई दुकानों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिले के खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा दीपावली पर्व के मद्देनजर अवमानक मिठाई व खाद्य पदार्थ बिकने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर कवर्धा, पांडातराई, पंडरिया, बोडला, सहसपुर लोहरा एवं कुंडा के मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा दीपावली त्यौहार में जिले में अवमानक मिठाई व खाद्य पदार्थ बिकने की संभावना को देखते हुए जितेन्द्र कुमार नेले वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, मुकेश कुमार साहू एवं अंकित गुप्ता खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कवर्धा, पांडातराई, पंडरिया, बोडला, सहसपुर लोहरा एवं कुंडा के मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। कवर्धा शहर के न्यू कल्पना रेस्टोरेंट का छेना कलाकंद, श्रीधर जोधपुरी स्वीट्स से चमचम एवं पेडा, बीकानेर स्वीट्स से मिक्चर, कल्पना रेस्टोरेंट से रसगुल्ला, जायसवाल स्वीट्स से नारियल लड्डु, गुप्ता मिष्ठान भंडार, पांडातराई से सन्देश मिठाई, भगवती जोधपुरी स्वीट्स, पंडरिया से कलाकंद, जोधपुरी स्वीट्स एवं दूबे हॉटल सहसपुर लोहारा से मिल्क केक एवं पेड़ा का नमूना लिया एवं निरीक्षण किया गया। मिठाई दुकान संचालको को साफ-सफाई बनाएं रखने, हैण्ड ग्लब एवं कैप पहने, मिठाइयो के निर्माण एवं अवसान तिथि अंकित करने, त्यौहारी सीजन में सुद्ध मिठाई का ही विक्रय करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि अखबार, पेपर को प्रिंट करने के लिए उपयोग की जाने वाली स्याही में हानिकारक रसायन एवं कई तरह के हानिकारक रंजक होते है, जो तेल के साथ मिल जाते है और खाने के जरिये हमरे शरीर में प्रवेश कर जाते है। जिससे हमारे शरीर में पाचन संबधी विकार, टाक्सीसिटी, विभिन्न कैंसर, महत्वपूर्ण अंगो की विफलता तथा प्रतिरक्षा तंत्र का कमजोर होना जैसे विभिन्न प्रकार की बीमारी होने की सम्भावना रहती है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग सामान्यजन एवं खाद्य कारोबारकर्ताओ से अपील करता है कि खाने के स्टाल से खाने पिने की चीजे लेन-देन के लिए अक्सर छपाई के लिए उपयोग किए जाने वाले अखबारी कागज, पेपर का उपयोग ना करे और यदि कोई खाद्य कारोबारकर्ता ऐसा करता है तो उसको इसके दुस्प्रभाव की जानकारी दे उससे होने वाले नुकसान के बारे में बताये और उसे ऐसा न करने की सलाह दे। खाद्य व्यापारियों को मानक स्तर के खाद्य सामग्री विक्रय करने,साफ सफाई रखने, बिना अनुज्ञप्ति, पंजीयन व्यापार न करने हेतु निर्देशित किया गया कार्यवाही के दौरान बिसौहा राम धुर्वे सहायक ग्रेड उपस्थित थे।

## भारतीय किसान संघ ने किया रेंगाखार तहसील इकाई का गठन, नेकलाल बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



भारतीय किसान संघ द्वारा शुक्रवार को कबीरधाम जिले के रेंगाखार तहसील इकाई का गठन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित थे। रेंगाखार तहसील ईकाई गठन की प्रक्रिया के तहत नेकलाल मेरावी ग्राम अंजना को रेंगाखार तहसील अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अमर सिंह कुशरे तथा हाऊसी लाल पंचतिलक को बनाया गया है। इसी प्रकार महेंद्र पवार को तहसील मंत्री का, मनोज मरकाम को सह मंत्री का दायित्व सर्व सहमति से दिया गया। बैठक पश्चात तहसील के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधीश के नाम उपस्थित सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से रेंगाखार तहसील में धान की फसल में हुए नुकसान के लिए बीमा तथा आरबीसी 6/4 के तहत राहत राशि की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकुमार चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, जिला मंत्री जीवन यादव, जिला सहमंत्री रूपेंद्र तिलकवार, जिला युवा प्रमुख ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जिला कार्यकारिणी सुरेन्द्र चंद्रवंशी, जिला व्यवस्था प्रमुख सिद्धराम चंद्रवंशी, पिंटू चंद्रवंशी, बोड़ला तहसील के उपाध्यक्ष बालाराम चंद्रवंशी, टीकाराम साहू, मंत्री कैलाश चंद्रवंशी, कार्यकारिणी सदस्य कन्हैया चंद्रवंशी, पिपरिया तहसील मंत्री रोहित चंद्रवंशी, रामखिलावन कौशिक तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

## सार समाचार

### नए घर में मनेगी दीपावली



- हितग्राहियों को मिली पक्की छत, जनपद अध्यक्ष प्रतीक्षा भंडारी ने सौपी चाबियां

**राजनांदगांव।** दिवाली से पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का स्वप्न साकार हुआ है, उनके सर पर पक्की छत मिली है। जिससे हितग्राहियों की खुशी का ठिकाना नहीं है। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को चाबियां सौंपते हुए नए मकान के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह का धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के इस नए घर में हितग्राही दीपावली में माता लक्ष्मी के स्वागत के लिए अपने घर को सजाएंगे। क्लस्टर-बघेरा में आवास मेला एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच एवं ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में ग्राम पं. बघेरा में आवास मेला का आयोजन किया। इस आयोजन में जनपद अध्यक्ष द्वारा सभी स्वीकृति हितग्राहियों को संबोधित करते हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र, गुणवत्तापूर्वक आवास निर्माण वाले हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र, आवास की चाबी प्रदाय किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुकेश बंछोर, क्लस्टर नोडल एवं सहायक नोडल द्वारा किया गया।

### पच्चीस हजार वार्षिक मानदेय को लेकर तेन्दूपत्ता फड़ मुंशी संघ ने की आवाज बुलंद

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ तेंदूपत्ता लघु वन उपज सहकारी समिति फड़ मुंशी संघ के बैनर तले तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों ने कलेक्टर कार्यालय के सामने एक दिवासीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में किए गए वादे को शीघ्र पूरा करने की मांग की है। तेंदूपत्ता फड़ मुंशी संघ द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करते अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। संघ के जिला संरक्षक माकुम चंद्रवंशी और अध्यक्ष ज्ञानिकराम चौरे ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में फड़ मुंशियों को 25 हजार रुपए वार्षिक मानदेय देने का वादा किया था, लेकिन सरकार बनने के बाद अब तक उनकी यह मांग पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह कई बार ध्यान आकर्षण करते संबंधित विभाग के मंत्री और मुख्यमंत्री तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं की जा रही है। अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। फड़ मुंशियों ने कहा कि प्रदेशभर में 11 हजार तेन्दूपत्ता फड़ मुंशी हैं। अगर प्रदेश की सरकार उनकी मांग पूरी नहीं करती है तो वृहद स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### डॉ. बाफना नासिक में सम्मानित



**राजनांदगांव।** महाराष्ट्र के नासिक नगर में गत दिनों आयोजित एडोलसेंट हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सम्मेलन में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना को सम्मानित किया गया। यह विशेष अभिनंदन संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गीता पाटिल (बंगलौर) तथा आगामी अध्यक्ष डॉ. हिमबिंदु सिंग (हैदराबाद) एवं डॉ. चटर्जी (कोलकाता) ने किया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देशभर से करीब आठ सौ किशोर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. बाफना को माइंडफुलनेस इन एडोलसेंट्स विषय पर व्याख्यान हेतु विशेष आमंत्रित किया गया था। सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. अतुल कनिकर तथा भारतीय बाल स्वास्थ्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बसवराज ने बधाई देते आभार व्यक्त किया।

### मालवाहक वाहन के जरिये उड़ीसा से एमपी जा रहे थे आरोपी

# 65 किलो गांजा जब्त, 5 गिरफ्तार

## वाहन में गोपनीय चेम्बर बनाकर रखे थे 65.565 किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

टाटा डीआई वाहन के ट्राली के नीचे गोपनीय चेम्बर बनाकर उसमें 65.565 किलो गांजा रखकर उड़ीसा से तस्करी करते मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा था, जिसे पुलिस ने धरदबोचा। इस मामले में पुलिस ने पांच अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। जब्त गांजा की कीमत लगभग 9 लाख 83 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस को 24 अक्टूबर को सूचना मिली थी कि एक चार पहिया वाहन में अवैध रूप से गांजा उड़ीसा से तस्करी कर मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा है, जिस पर घुमका थाना एवं सायबर सेल की टीम ने घुमका क्षेत्र के मोहंदी चौक के पास नाकाबंदी की। इस दौरान मुखबीर द्वारा बताए गए चार पहिया वाहन टाटा डीआई 207 आते दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने रूकवाया। इस दौरान वाहन चालक वाहन को छोड़कर भागने का प्रयास किया, जिसे पकड़ा गया, जो अपना नाम धनराज पटेल 38 वर्ष नेवनारा थाना बेरला जिला बेमेतरा निवासी बताया। उसके साथ बैठा व्यक्ति ने अपना नाम बेदाबेरो पात्रा 32 वर्ष ग्राम सुलेसूरू थाना एम. रामपुर जिला कालाहांडी उड़ीसा का रहने वाला बताया।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी धनराज पटेल, बेदाबेरो पात्रा, अनिल सोनी, गोविंद क्षत्रीया, आकाश यादव को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



### तस्करी की चेन ध्वस्त

उक्ताशय की जानकारी देते पत्रकारवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने जब वाहन टाटा डीआई 207 की तलाशी ली, तब वाहन के ट्राली के नीचे एक चेम्बर बनाकर छिपाकर रखे 64 नग खाकी रंग का संदिग्ध पैकेट में गांजा मिला। बरामद गांजा का वजन 65.565 किलो कीमती लगभग 9,83,000 रुपए है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे अनिल सोनी निवासी ग्राम सुलेसूरू थाना एम. रायपुर जिला कालाहांडी उड़ीसा के पास से गांजा लेकर आते थे, गोविंद उड़िया निवासी भिलाई द्वारा उड़ीसा से लेकर छत्तीसगढ़ तक पायलेटिंग करता है और गांजे की खेप को आगे आकाश यादव उर्फ गंगू यादव निवासी जबलपुर के पास छोड़ना बताए।

### अंर्तमहाविद्यालयीन हॉकी स्पर्धा उद्घाटित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के तत्वावधान में सेक्टर स्तरीय अंर्तमहाविद्यालयीन हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत आने वाली महाविद्यालय की टीमें भाग ले रही है। अंर्तराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते कहा कि वर्तमान में विश्व स्तर पर भी भारत हॉकी के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय लांजवार ने खिलाड़ियों को खेल की बारिकी को बताते कहा कि खेल में फिटनेस सबसे महत्वपूर्ण चीज होता है। क्रीडा अधिकारी अरूण चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, रतनचंद सुराना दुर्ग, साइंस कॉलेज दुर्ग, पीजी कॉलेज कवर्धा, अशोका कवर्धा, पीजी कॉलेज बेमेतरा वैशालीनगर के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी प्रो. के. हरी, परेश वर्मा, हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर, डॉ. केशव आडिल, विरेन्द्र सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, किशोर धीवर, दुर्गेश, रामू पाटिल उपस्थित थे।

## आधा दर्जन गांव में फसल खराब, मुआवजे के लिए किसानों ने लगाई कलेक्टर से अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के घुमका तहसील क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन से अधिक गांव में सैकड़ों किसानों की हजारों एकड़ खड़ी फसल कीट के प्रकोप से बर्बाद हो गई है। कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का असर भी इन फसलों पर नहीं हुआ है। जिससे किसानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। वहीं क्षतिपूर्ति राशि की मांग करने किसान आज खराब हुए धान का पौधा लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे।

घुमका क्षेत्र के ग्राम हाड़वा, टूरीपार, भटगांव सहित आधा दर्जन से अधिक गांव में कीट के प्रकोप से धान की हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो गई है। जिसके चलते किसानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसानों ने कृषि विभाग में ज्ञापन सौंपकर बताया कि धान की फसल में माहू, चूसक सहित चार प्रकार की बीमारियां लगी हुई है। जिसके चलते फसल पूरी तरह से खराब हो गई है।



### कर्ज माफ करने की गुहार

कृषक गिरीश कुमार चंदेल ने बताया कि ग्राम हड़वा क्षेत्र में ही 1300 एकड़ की फसल चौपट हो गई है। उन्होंने कहा कि किसानों ने समिति के माध्यम से कर्ज लिया हुआ है। वहीं दवाइयों के छिड़काव के लिए भी काफी कर्ज हो गया है। अब सामने दीपावली त्यौहार है और फसल चौपट हो गई है। ऐसे में जल्द से जल्द किसानों को क्षतिपूर्ति राशि देने के साथ ही कर्ज माफ किया जाए।

### दवाइयों की जांच और कार्रवाई की मांग

हड़वा से पहुंचे किसान डेरहाराम लोधी ने कहा कि उन्होंने अपने 7 एकड़ खेत में धान की फसल लगाई है। जिसमें कीट के शुरूआती प्रकोप के दौरान ही 40 हजार रुपए की कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया है, लेकिन इन दवाइयों का कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि घुमका क्षेत्र में संचालित सभी कृषि केन्द्रों में दवाइयों की जांच की जाए और अमानक दवाइयां मिलने पर कार्रवाई करते किसानों के नुकसान की भरपाई करवाई जाए।

पृष्ठ 09 का शेष

### परख से परखेंगे...

करने के लिए देशभर में आगामी तीन दिसंबर को यह परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**गिरदावरी, चुनाव में भी ड्यूटी-** सरकारी शिक्षकों को ही जिले में जारी गिरदावरी कार्य के साथ ही मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ बनाया गया है। ऐसे में अब इन कार्य के साथ ही परख की तैयारी कराने शिक्षकों को काफी कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ेगा। शिक्षकों में इसको लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है। हालांकि प्रदेश स्तर से आदेश होने के कारण विभाग भी कुछ नहीं कर पा रहा है।







